राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

द्वितीय से पंचम तल, ब्लॉक–5, शिक्षा संकुल परिसर,
जवाहर लाल नेहरू मार्ग, जयपुर – 17

फोन नं: 0141–2709114 email : cmsmsa2018@gmail.com फैक्स: 0141–2701822

क्रमांक : रास्कूशिप / जय / सामु.गति / बाल सभा / 2018–19 / 375 दिनांक : 1/5/19

परिपत्र

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा बीकानेर के आदेश क्रमांक शिविरा–माध्य / मा–सा / 22432 / उत्सव / 2018–19 दिनांक 18.04.19 समस्त राजकीय विद्यालयों मे 09.05.19 प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक बालसभाओं के आयोजन के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश जारी किए गये थे। दिनांक 26.04.19 से 09.05.19 तक प्रवेशोत्सव कार्यक्रम का आयोजन सभी विद्यालयों मे किया जा रहा है। इस प्रवेशोत्सव की परिणिति 09.05.19 को बाल सभाओं में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के साथ होगी। निर्वाचन विभाग एवं मुख्य सचिव महोदय की अनुमति से विभिन्न विभागों को 09.05.19 को आयोजित बाल सभा में संबलन प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है। अन्य विभागों के मनोनीत अधिकारीगण / कर्मचारीगण उक्त दिनांक को आवंटित विद्यालय में उपस्थित रहकर संबलन प्रदान करेंगे। इन अधिकारियों / कर्मचारियों से निम्न अपेक्षायें की जाती है–

1. विभिन्न विभागों के अधिकारी / कर्मचारी विद्यालय में निरीक्षण के भाव से नही जाकर संस्था प्रधान को सहयोग / मार्गदर्शन / संबलन प्रदान करने के भाव से जायेंगे।
2. प्रस्तावित बाल सभा में उपस्थित होकर जनसमुदाय को अपने विभाग की गतिविधियों / योजनाओं की जानकारी उपलब्ध करायेंगे।
3. राजीव गॉधी केरियर पोर्टल की जानकारी देने में सहयोग प्रदान करेंगे।
4. चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों / कर्मचारियो को सहयोग प्रदान कर जनसमुदाय को मीजल्स रूबेला टीकाकरण कार्यक्रम की जानकारी उपलबध करवाकर जागरूकता लाने का प्रयास करेगें।
5. उपस्थित सभी अधिकारी / कर्मचारी इस प्रकार संबलन प्रदान करेंगे जिससे कि शिक्षा सभी की चिन्ता का विषय बन सकें।

(प्रदीप कुमार बोरड)
आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव,
स्कूल शिक्षा, राज. स्कूल शिक्षा परिषद,
जयपुर

www.rajteachers.com

क्रमांक : रास्कूशिप / जय / सामु.गति / बाल सभा / 2018–19 / 375 दिनांक : 1/5/19

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :

1. विशिष्ट सहायक, माननीय शिक्षा राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार।
2. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग राजस्थान सरकार।
3. निजी सचिव, आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
4. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
5. निजी सचिव / सहायक, निदेशक, माध्यमिक / प्रारम्भिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर।
6. निजी सहायक, अति0 राज्य परियोजना निदेशक- I & II, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर।
7. उपायुक्त समस्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्, जयपुर।
8. समस्त मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सम्बन्धित अधिकारियों / कर्मचारियों को परिपत्र से अवगत करावें।
9. रक्षित पत्रावली।

नसीम खान
RAS
उपायुक्त